बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन दिया गया है कि वे भूल वश या अन्य कारणों से ऑनलाईन आवेदन अंतिम रूप से नहीं भर सके हैं। वैसे अभ्यर्थीयों के आवेदन पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के उपरान्त आयोग द्वारा 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निम्नलिखित विस्तारित तिथि निर्धारित की जाती है–

1.		ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रारम्भ करने की तिथि	–	29.03.2016
2.	(i)	User-Id एवम् Password प्राप्त करने की तिथि	–	29.03.2016 से 05.04.2016
	(ii)	बैंक चालान डाउनलोड करने की तिथि	–	29.03.2016 से 05.04.2016
	(iii)	बैंक में चालान जमा करने की तिथि	–	29.03.2016 से 05.04.2016
	(iv)	डैशबोर्ड पर चालान विवरणी भरने की तिथि	–	29.03.2016 से 05.04.2016
3.		ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि	–	29.03.2016 से 08.04.2016
4.		हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि	–	19.04.2016

2. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वैसे उम्मीदवार जो मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के अधीन ऑनलाईन आवेदन ससमय पूर्ण नहीं कर सके थे वे भी इस "आवश्यक सूचना" के आलोक में पूर्व में प्राप्त User-Id एवम् Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन भर सकते है। इस संबंध में वे ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित निर्देश का अध्ययन अवश्य कर लें।
3. **उम्मीदवारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि बैंक में चालान राशि जमा करने के बाद उसी दिन डैश बोर्ड पर चालान विवरणी अंकित करेंगे। चालान विवरणी अंकित करने के 24 घंटे बाद ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र खुलेगा। उम्मीदवार दिनांक–05.04.2016 तक निश्चित रूप से चालान विवरणी डैश बोर्ड पर अंकित कर लें।**
4. **ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी प्रमाणपत्रों एवं अंक पत्रो की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार से भेजे कि वह आयोग कार्यालय में मंगलवार, दिनांक–19.04.2016 संध्या पाँच बजे तक प्राप्त हो जाए।**
5. मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन में अंकित अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेबसाईट पर आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व उक्त दिशा निर्देशो का भली भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करेंगे। आवेदन में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। सभी आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल रूप में उनके पास ऑनलाइन आवेदन भरते समय उपलब्ध है। इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिंग व्यवधान के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। इसके बाद ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि का विस्तार नहीं किया जायेगा।
6. **उपर्युक्त आवश्यक सूचना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।**
7. **यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो अभ्यर्थी पूर्व में अपना आवेदन पत्र भर चुके है उन्हें पुनः आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।**
8. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश देखा जा सकता है तथा निम्नांकित दिए गए हेल्पलाइन नम्बर पर कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) 10.00 बजे पूर्वाहन से 05.00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

Phone No.- 0612-2215795,Mob No.:- +91-7544903018

18/3/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना